# चीकू और मीकू



चीकू और मीकू गिलहरी साथ में रहती थीं। चीकू मीकू का सारा खाना खा जाती। इसलिए मीकू बहुत परेशान रहती। चीकू खाना खा-खा कर बहुत मोटी हो गई। वह इतनी मोटी हो गई कि उससे चला भी नहीं जाता था।



एक दिन चीकू को ज़ोर से भूख लगी। वह चूहे के बिल में खाना ढूँढने गई और फँस गई। मीकू दौड़ कर गई और चीकू को खींच कर बाहर निकाला। तब से उनकी दोस्ती गहरी हो गई। अब वे मिलकर खाना खाने लगीं।

LLF Language and Learning foundation
शिक्षा का अधिकार
सब पढ़ें सब बढ़ें
HSSPP
Designed by www.stelladesignandprint.com